तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

12 जल जीवन मिशन को मिली नई दिशा


13 नर्सरी में रोपे गए 200 पौधे, जनपद और सरपंच ...




## खबर संक्षेप



### खड़े ट्रक से टकरायी ई-रिक्शा, चालक घायल

**भाटापारा।** पटपर चौक के पास बुधवार रात लगभग 8 बजे खराब ट्रक से एक आटो ई रिक्शा चालक पीछे से टकरा गया, जिसमें ई-रिक्शा चालक पटपर निवासी संदीप ध्रुव घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण थाना टीआई लखेश केंवट व पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचे और घायल आटो चालक को तत्काल शासकीय अस्पताल उपचार हेतु भर्ती कराया। बताया जाता है कि ई-रिक्शा चालक के चेहरे व नाक में चोट पहुंची है।

### भाटापारा में होम्योपैथिक चिकित्सकों का शिविर कल

**रायपुर।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, मिरेकल्स होम्योपैथी द्वारा एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर लकवा (स्ट्रोक), गठिया (अर्थराइटिस) और नसों में दर्द (न्यूरोपैथी) जैसी गंभीर बीमारियों का संपूर्ण समाधान प्रदान करेंगे। यह शिविर 19 जुलाई, दिन शनिवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक भाटापारा स्थित राना मेडिकल स्टोर, सरकारी अस्पताल के पास आयोजित किया जाएगा।

## आक्रोश : आंदोलन में प्रदेश सरकार पर लगाये कई आरोप, की नारेबाजी

# बिजली दरों में वृद्धि, कांग्रेस ने घेरा दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

भाजपा शासन द्वारा बिजली बिल की दरों में वृद्धि करने के विरोध में भाटापारा शहर और ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में धरना प्रदर्शन एवं अधीक्षण यंत्री बिजली विभाग का घेराव किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने शुक्रवार 11 जुलाई को सभी श्रेणियां के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसतन 1.89 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। नई दरें 1 जुलाई से प्रभावी हो गई है, जिससे आम जनता एवं किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने किया। शहर कांग्रेस प्रभारी प्रभाकर मिश्रा, ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी संतोष तिवारी, ▸▸ शेष पेज 13 पर



### राज्यपाल के नाम अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपा

इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त कर पूर्व में निर्धारित दरों को पुनः लागू करने के लिए राज्यपाल के नाम छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। बलौदा बाजार जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा की पूरे देश में सबसे ज्यादा बिजली का उत्पादन छत्तीसगढ़ में होने के बाद भी छत्तीसगढ़ राज्य में बिजली की कटौती और बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय है, जल जंगल कोयला छत्तीसगढ़ का और छत्तीसगढ़ की जनता को ही महंगे दामों में बिजली बेचना और अन्य राज्यों को बिजली देना छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय है। कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता के साथ होने वाले अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। हमारे जनप्रतिनिधि विधानसभा में जनता के मुद्दों को उठा रहे हैं और कांग्रेस संगठन आम जनता के बीच जमीनी स्तर पर जनहित के मुद्दों पर लड़ाई जारी रखेगी।

### बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन आज

**पलारी।** प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का बिजली दफ्तर घेराव आज होगा। जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा के निर्देश पर बिजली न्याय आंदोलन के तहत प्रदेश सरकार की इस जनविरोधी नीति के विरोध में उप संभाग कार्यालय पलारी का घेराव 18 जुलाई को 11 बजे किया जाना है। कार्यक्रम में बिजली न्याय आंदोलन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे व ब्लाक प्रभारी पदमेश्वरी साहू उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के समस्त



कार्यकर्तागण, समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ कांग्रेस जन व आम जनों आप सबकी उपस्थिति अनिवार्य एवं प्रार्थनीय है। उक्त जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे ने अधिक से अधिक संख्या में पहले ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित होने के पश्चात बिजली ऑफिस घेराव में सम्मिलित होने की अपील की है।

## खाद्य विभाग की कार्रवाई 1619 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में खाद्य विभाग ने अवैध घरेलू गैस सिलेंडर के भंडारण और काला बाजारी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दो प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की। इस अभियान में कुल 1619 नग घरेलू गैस सिलेंडर 41 भरे हुए और 1578 खाली जब्त किए गए। साथ ही सिलेंडर से जुड़े दस्तावेजों एवं रेगुलेटर आदि को भी कब्जे में लिया गया।

■ दो प्रतिष्ठानों में की गई कार्रवाई, जांच में कोई दस्तावेज नहीं मिले

जिला खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण कर अधिक दाम में बिक्री की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला मुख्यालय में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान हीरा किचन केयर से 2 भरे हुए और 3 खाली सिलेंडर, 19 उपभोक्ता गैस कार्ड, 04 सब्सक्रिप्शन वाउचर तथा 20 गैस प्रेशर रेगुलेटर जब्त किए गए। वहीं बम्लेश्वरी गैस एजेंसी में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर 39 भरे हुए तथा 1575 खाली सिलेंडर जब्त किए गए।



जांच के दौरान एजेंसी में स्टॉक मिलान में गड़बड़ी पाई गई और संचालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। मौके पर उपस्थित उपभोक्ताओं ने टीम को बताया कि एजेंसी संचालक द्वारा काउंटर से सिलेंडर लेने पर अतिरिक्त राशि ली जाती है, जबकि ऑनलाइन होम डिलीवरी के बावजूद सिलेंडर समय पर नहीं पहुंचाए जाते साथ ही उपभोक्ताओं पर सिलेंडर के साथ अन्य सामान लेने का दबाव भी डाला जाता है। कार्यालय परिसर में गंदगी और अव्यवस्था की भी शिकायतें मिलीं। यह कार्यवाही द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के तहत की गई। कार्यवाही के दौरान सहायक खाद्य अधिकारी विजय कुमार किरण, लक्ष्मण कश्यप, खाद्य निरीक्षक कमलनारायण साहू और बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल उपस्थित रहे।

## बाइक से शराब की तस्करी, दो युवक पकड़ाये, 158 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

बलौदी-रोहांसी मार्ग पर गुरुवार को पलारी पुलिस ने एक कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल से अवैध शराब की तस्करी कर रहे दो युवकों को रंगे हाथों पकड़ा। दोनों आरोपी बैग में 158 पौवा देशी मसाला शराब ले जा रहे थे। जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत 15,800 आंकी गई। थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि नियमित गश्त के दौरान पुलिस



को बाइक सवार दो युवकों पर संदेह हुआ। जब उन्हें रोका गया और तलाशी ली ▸▸ शेष पेज 13 पर

## फर्जी सिम कार्ड रैकेट फूटा, तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

फर्जी मोबाइल सिम नंबर एवं ऐसे नंबरों को जारी करने वाले पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) के विरुद्ध कार्रवाई थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने की, जहां 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों में 23 वर्षीय चोखेलाल कन्नौजे उर्फ राहुल ग्राम लटुवा थाना सिटी कोतवाली, मोहनलाल माहोरे 37 वर्ष निवासी साहू बाडा षष्ठी मंदिर के पीछे सिविल लाइन बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली और धनंजय





यादव 25 वर्ष निवासी ग्राम जैतपुरी थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा शामिल हैं।

प्रकरणों में मोबाइल नंबर धारकों से पूछताछ कर विस्तृत कथन लिया गया, जिन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा इनके नाम, पता व आईडी का गलत तरीके से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कर छल कपट करते हुए, इनके नाम से मोबाइल सिम नंबर को जारी कर, किसी अन्य व्यक्ति को सिम देकर लाभ प्राप्त किया गया है। उनके द्वारा उक्त सिम को कभी भी क्रय या उपयोग नहीं किया गया है और ना ही सिम किसके द्वारा उपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में कोई जानकारी नहीं ▸▸ शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप



### डिजिटल प्रशिक्षण से दक्ष हो रहे अधिकारी-कर्मचारी

**रायपुर।** कलेक्टोरेट स्थित बीपीओ सेंटर में जिला स्तरीय अधिकारियों को डिजिटल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को डिजिटल दुनिया में सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने 16 जुलाई से एक नई पहल करते हुए प्रोजेक्ट दक्ष हम होंगे स्मार्ट" की शुरुआत की है। शासन के निर्देश पर शुरू किए गए इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत जिले के सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष और स्मार्ट बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को कंप्यूटर और मोबाइल की मूलभूत समझ, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन सहित एमएस वर्ड, एक्सल, ईमेल, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के उपयोग और तकनीकी समस्याओं को स्वयं हल करने जैसे विषयों पर ऑन-हैंड प्रैक्टिकल सत्र के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स की मदद से यह चरणबद्ध प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा हैं, जिसके अंत में मूल्यांकन और प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

### उद्योग प्रबंधक के लिए दावा आपत्ति प्रारंभ

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक संचालक और उद्योग प्रबंधक के लिए आयोजित की गई भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। मॉडल आंसर पर दावा आपत्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अभ्यर्थी 23 जुलाई तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। आपत्ति केवल ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी। गौरतलब है कि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्तियां होंगी।

### संतोषीनगर में निकाली अखंड दिव्य कलश यात्रा



**रायपुर।** अखंड दीपक प्राकट्य एवं वंदनीया माता के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ संतोषी नगर द्वारा 16 जुलाई को लालपुर क्षेत्र में अखंड दिव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा हनुमान नगर, कृष्णा नगर, अमित नगर, सुमित नगर, नव जीवन सोसाइटी, सिंचाई कालोनी में भ्रमण किया। इसी दौरान शिव परिवार द्वारा अंबेडकर चौक लालपुर में दीपयज्ञ किया गया। इस कार्यक्रम में विष्णु, दीपांकर बोस, लच्छू निषाद, मोहन लाल साहू, हीरालाल निषाद, नगरवासियों सहित माता बहनें शामिल हुए।

# 6 वर्ष होनी थी पहली कक्षा की प्रवेश आयु, आदेश नहीं इसलिए इससे पहले भी दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नवीन शैक्षणिक सत्र में पहली कक्षा में छात्रों की प्रवेश आयु पर माथापच्ची शुरू हो गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष की जानी थी। इस शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थी पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाला है, उस सत्र के सितंबर में छात्र की आयु 6 वर्ष पूर्ण हो जानी थी।

6 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पहले छात्रों के लिए बालवाड़ी शिक्षा का भी प्रावधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति में किया गया है। प्रवेश आयु को लेकर विधिवत आदेश जारी नहीं होने के कारण विद्यालय पूर्व की तरह 5 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी पहली कक्षा में प्रवेश प्रदान कर रहे हैं। स्कूलों में पूर्व की गाइडलाइन के आधार पर ही छात्रों को दाखिले दिए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी राज्यों की शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता लाने की कोशिश की जा रही है, ताकि एक बोर्ड से दूसरे बोर्ड में जाने पर छात्रों को अधिक समस्या ना हो।

## विशेषकर सीबीएसई द्वारा आयु को लेकर बरती जाती है सख्ती

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत होना था बदलाव, सितंबर तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण होना आवश्यक
- शासकीय के साथ निजी विद्यालय भी असमंजस में, विधिवत आदेश अब तक नहीं



फाइल फोटो

### स्पष्ट करें स्थिति

शासन को चाहिए की स्थिति स्पष्ट करें। निजी विद्यालय भी असमंजस की स्थिति में हैं। छात्रों को भविष्य में दिक्कतें उठानी पड़ सकती हैं।

- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

### ...इसलिए दिक्कत

शुरुआती कक्षा में छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। लेकिन बोर्ड कक्षाओं में आयु को लेकर स्पष्ट निर्देश होते हैं। निर्धारित आयु पूर्ण करने पर ही छात्र संबंधित बोर्ड परीक्षा में शामिल हो सकता है। उम्र कम होने पर बोर्ड छात्रों को कक्षा रिपीट करने कहा जाता है। पांच वर्ष की आयु में पहली कक्षा में प्रवेश लेने के बाद जब छात्र पहली बार बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन करेगा, उस दौरान फॉर्म रिजेक्शन सहित अन्य तरह की समस्याएं आएंगी। विशेषकर सीबीएसई द्वारा आयु को लेकर सख्ती बरती जाती है।

## फेडरेशन का कलेक्टोरेट में प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन

# एक ही दिन में तीन कर्मचारी संगठनों ने बोला हल्ला, रैली निकाली, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी सहित नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर बुधवार को तीन कर्मचारी संगठनों ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर प्रदेशभर में कर्मचारी, अधिकारियों ने मोदी की गारंटी लागू करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। कलेक्टोरेट गार्डन से रैली निकालकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

वहीं नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काम ठप कर धरना दिया। धरना स्थल पर सरकारी स्कूलों के अंशकालीन सफाई कर्मचारी भी अलग-अलग जिलों से पदयात्रा करते एकजुट हुए और धरना स्थल से नारेबाजी करते हुए सीएम हाउस घेराव के लिए निकले। पुलिस प्रशासन ने उन्हें अंडरब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर आगे बढ़ने से रोक दिया।

- पदयात्रा कर धरना स्थल पहुंचे स्कूल सफाई कर्मचारी, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर



### 10 सूत्रीय मांग, जिला व विकासखंड में निकाली रैली

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर राजधानी से लेकर सुदूर अंचलों तक सभी जिला और विकासखंड मुख्यालयों में कर्मचारी, अधिकारियों ने बैनर पोस्टर के साथ रैली निकाली। प्रशासकीय सेवकों और पेंशनरों को केन्द्र के समान डीए, डीआर देने, चार स्तरीय वेतनमान और केन्द्र के समान 33 वर्ष के स्थान पर 25 वर्ष सेवा पूरी करने पर पूर्ण पेंशन देने, निःशर्त अनुकंपा नियुक्ति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर नारेबाजी की। फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा, जीआर चंद्रा, चंद्रशेखर तिवारी, बीपी शर्मा, राजेश चटर्जी, रोहित तिवारी, मनीष मिश्रा, बिंदेश्वर रौतिया, संजय सिंह ठाकुर, राकेश शर्मा, पंकज पांडेय, विजय झा, राजनारायण द्विवेदी, भागवत कश्यप, आरएन ध्रुव, हरिमोहन सिंह, टारजन गुप्ता, मुक्तेश्वर देवांगन, होरीलाल छेदइया ने नारेबाजी के बाद मोदी की गारंटी लागू करवाने ज्ञापन सौंपा।

### संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, दो दिवसीय हड़ताल

छत्तीसगढ़ प्रदेश एएनएचएमएम कर्मचारी संघ के आव्हान पर 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी नियमितीकरण सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। लामबंद कर्मचारियों ने जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की दो दिवसीय हड़ताल के कारण टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, टीकाकरण, लैब की जांच, दवा वितरण, स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, नवजात शिशुओं की देखभाल, पोषण पुनर्वास केन्द्र, बुजुर्गों की फिजियोथैरेपी, मौसमी स्वास्थ्य बीमारियों की रोकथाम जैसी सेवाओं पर असर पड़ा है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 17 जुलाई को नवा रायपुर के धरना स्थल से मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने बड़ी संख्या में निकलेंगे।

### तूता धरना स्थल पर स्कूल सफाई कर्मचारियों की गहमागहमी, पदयात्रा कर पहुंचे

प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में कार्यरत अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी विभिन्न जिलों से पदयात्रा कर तूता स्थित धरना स्थल पर पहुंचे। इससे सुबह से लेकर शाम तक खासी गहमागहमी रही। पूर्ण कालीन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान, युक्ति युक्त करण के तहत प्रभावित कर्मचारियों को यथावत काम पर रखने की मांग कर्मचारी कर रहे थे। बड़ी संख्या में जुटे स्कूल सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री निवास घेराव करने रैली निकाली। इसे पुलिस बल ने अंडरब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोक दिया। नाराज कर्मचारी वहीं पर बैठकर प्रदर्शन कर लगे। छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर स्कूल सफाई कर्मचारी 15 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

# बीबीए में 65 प्रतिशत छात्र ही हो सके उत्तीर्ण, 128 के परिणाम रोके गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को 9 विभिन्न सेमेस्टर कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। बीबीए छठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम 65.12% रहे हैं। इस परीक्षा में 625 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 407 उत्तीर्ण रहे। 77 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है, जबकि 13 छात्रों को फेल घोषित किया गया। विवि ने परीक्षा में शामिल 128 छात्रों के नतीजे रोक गए हैं। हालांकि इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं किया गया है। परिणाम 65.12 प्रतिशत रहे हैं। वहीं एमए इतिहास चतुर्थ सेमेस्टर में 84.27% छात्र सफल रहे। 89 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दिलाई थी। इनमें से 75 उत्तीर्ण रहे। एक अनुत्तीर्ण, 4 एटीकेटी तथा 9 के नतीजे विवि प्रबंधन ने रोके हैं।



- एमए इतिहास में 84 प्रतिशत छात्र सफल, 9 सेमेस्टर कक्षाओं के परिणाम घोषित

### इंटीरियर डिजाइनिंग में सभी उत्तीर्ण

बीवॉक इंटीरियर डिजाइनिंग छठवें सेमेस्टर के नतीजे 100 प्रतिशत रहे। मात्र 17 छात्रों ने इसकी परीक्षा दिलाई थी। इंटीरियर डिजानिंग दूसरे सेमेस्टर के नतीजे 81% रहे। 33 छात्र इसमें शामिल हुए थे। 17 विद्यार्थियों ने इसकी परीक्षा दिलाई थी। इनमें से सभी सफल रहे। एमए अर्थशास्त्र पुराने पाठ्यक्रम की परीक्षा में 24 छात्र शामिल हुए थे। इनमें भी सभी उत्तीर्ण रहे। बीएड प्रथम सेमेस्टर एटीकेटी की परीक्षा में शामिल 48 छात्रों में से 40 उत्तीर्ण रहे। इसके अलावा एमएससी भूगोल के परिणाम 93% रहे।

# शनि-रविवार को नहीं चलेगी कई लोकल ट्रेन, सरोना-उरकुरा के बीच 15 घंटे का ब्लाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

दुर्ग से बिलासपुर के बीच शनि-रविवार को कई लोकल ट्रेन का संचालन नहीं होगा। रेल प्रशासन द्वारा सरोना-उरकुरा के बीच कुल 15 घंटे का ब्लाक लिया जाएगा। इस अवधि में दोनों स्टेशनों के बीच बाइपास डबल लाइन सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का काम किया जाएगा। 19 जुलाई को गोंदिया-झारसुगुड़ा ट्रेन का संचालन बिलासपुर से किया जाएगा।

रेलवे द्वारा 19 जुलाई शनिवार की शाम 4 से 20 जुलाई रविवार को सुबह 7 बजे तक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य पूरा किया जाएगा। इसकी वजह से कुछ लोकल और पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 19 जुलाई को रायपुर-दुर्ग-रायपुर के बीच चलने वाली तीन ट्रेनें, बिलासपुर-रायपुर के बीच संचालित होने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों का संचालन नहीं किया जाएगा। इसी तरह गोंदिया-झारसुगुड़ा के बीच आवाजाही करने वाली पैसेंजर ट्रेन बिलापुर से झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी। 20 जुलाई को रायपुर-दुर्ग-रायपुर पैसेंजर ट्रेन का संचालन नहीं किया जाएगा। इस दिन डोंगरगढ़ से रायपुर के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे विलंब से चलेगी। ट्रेनों का संचालन विलंब से होने की वजह से नियमित रूप से आवाजाही करने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ेगी। सिग्नल का काम आटोमैटिक होने के बाद ट्रेनों का परिचालन उस सेक्शन में और तेजी से होगा।



- बाइपास डबल लाइन सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का काम

# राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में मिनिस्ट्रियल अवार्ड लेने सभापति राठौर दिल्ली रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर नगर निगम को राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छ शहर के लिए मिनिस्ट्रियल अवार्ड के लिए चुना गया है। इस सम्मान को प्राप्त करने नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को नई दिल्ली रवाना हुआ। यह अवार्ड 17 जुलाई को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदान किया जाएगा। स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्य के सात नगरीय निकाय इस मौके पर पुरस्कृत होंगे। समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पुरस्कार प्रदान करेंगी।

राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहर में राज्य स्तर पर रायपुर नगर निगम को मिनिसट्रिलय अवार्ड प्रदान किया जायेगा। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नगर निगम रायपुर को यह अवार्ड प्रदान किया जाएगा। अवार्ड लेने सभापति सूर्यकांत राठौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर के साथ नगर निगम की टीम दिल्ली रवाना हुई। इस टीम में अपर आयुक्त राजेन्द्र गुप्ता, विनोद पांडे, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू, विशेषज्ञ प्रमीत चोपड़ा, सूरज चंद्राकर शामिल हैं। यह टीम अवार्ड प्राप्त करने के बाद 18 जुलाई को रायपुर लौटेगी। 17 जुलाई को आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव विभागीय अधिकारियों और संबंधित निकायों के प्रतिनिधियों के साथ पुरस्कार ग्रहण करेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू समारोह में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को प्रेसीडेन्ट्स अवार्ड प्रदान करेंगी। स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिलासपुर नगर निगम 3 लाख से 10 लाख आबादी की श्रेणी वाले शहर में, कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार जनसंख्या तक की श्रेणी में और बिल्हा नगर पंचायत को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी के लिए चयनित किया गया है। वहीं रायपुर नगर निगम को राज्य स्तर पर स्वच्छता में अच्छे कार्यों के लिए केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा मिनिस्ट्रियल अवार्ड प्रदान किया जाएगा।





- विज्ञान भवन में समारोह का आयोजन आज
- राज्य के सात नगरीय निकाय होंगे पुरस्कृत

# आधी रात से शुरू हुई बारिश, सुबह तक चला दौर अब सिस्टम आगे बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी में आधी रात बाद शुरू हुई बारिश का दौर सुबह तक हल्के से मध्यम रूप में जारी रहा। इसके बाद दिनभर धूप-छांव का खेल जारी रहा। बारिश का कारण बनने वाला सिस्टम अब आगे बढ़ गया है और इसका असर एमपी से लगे सरगुजा संभाग के शहरों में होने की संभावना है। राज्य में अब व्यापक बारिश का दौर अंतिम सप्ताह में बनने के आसार हैं।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी असर दिखाने वाला सिस्टम काफी शक्तिशाली था, मगर उसके साथ सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ ने व्यवधान खड़ा कर दिया, जिससे बारिश की मात्रा पूरे मध्य भारत में कम हो गई। छत्तीसगढ़ में केवल बिलासपुर और सरगुजा में इसका अच्छा असर नजर आया और रायपुर समेत मध्य क्षेत्र में हल्की बारिश होती रही। मंगल-बुधवार की दरम्यानी रात शहर में लगभग 2 बजे बारिश शुरू हुई और सुबह 7 बजे तक इसका दौर जारी रहा। इसके बाद दिनभर धूप-छांव की स्थिति बनी रही और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पिछले चौबीस घंटे में रामानुजगंज में 120 मिमी., चलगल में 110, सुहेला, दौरा कोचली में 100 मिमी, रामचंद्रपुर, तखतपुर में 90-90, कुसमी, बलरामपुर, पलारी में 80-80, शंकरगढ़, सिमगा में 70-70, लालपुर थाना, राजपुर, राजनांदगांव, मुंगेली, तिल्दा, भैयाथान में 60-60 मिमी. बारिश हुई। गुरुवार को राज्य के सरगुजा जिले के सीमावर्ती शहरों में भारी बारिश और अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।



- एमपी से लगे सरगुजा में ही रहेगी वर्षा की गतिविधि

## ओडीएफ प्रमाण-पत्र और जीएफसी 1 रेटिंग से सम्मानित किया गया

# स्वच्छ सर्वेक्षण में नपं भटगांव की राष्ट्रीय रैंकिंग 111 पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

स्वच्छता के क्षेत्र में नगर पंचायत भटगांव ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भटगांव ने राष्ट्रीय रैंकिंग में 298 से सीधे 111वीं रैंक पर पहुंचकर न सिर्फ जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी एक नई पहचान बनाई है। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ नगर पंचायत भटगांव को ओडीएफ ++ प्रमाण-पत्र और जीएफसी 1 रेटिंग से भी सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धियां नगर की साफ-सफाई, ठोस कचरा प्रबंधन और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का प्रतीक हैं।

इस सफलता के पीछे भटगांव की पूरी टीम का समर्पण और मेहनत शामिल है। इस अवसर पर नगर वासियों ने विशेष धन्यवाद और शुभकामनाएं दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेश सिंह, जिला समन्वयक शुभम् नायक, सफाई दरोगा सत्येंद्र सिंह बिसेन, भूपेन्द्र देवांगन तथा नगर पंचायत के सभी कर्मचारीगण, स्वच्छता कर्मी और नगर वासियों को जिनके सामूहिक प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हुई।




नगरवासियों की जागरूकता, सफाई कर्मचारियों की निष्ठा, और प्रशासनिक टीम की प्रभावी रणनीतियों ने यह साबित कर दिया है कि जब सब मिलकर काम करते हैं, तो सफलता सुनिश्चित होती है। यह सफलता भटगांव नगर पंचायत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। यह प्रेरणादायी उपलब्धि आने वाले समय में और भी उच्च रैंकिंग तथा स्वच्छता के नए कीर्तिमान स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# जल जीवन मिशन को मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

ब्लॉक के ग्राम भरुवाडीह में लंबे समय से रुके जल जीवन मिशन के कार्यों को अंततः गति मिली है। ग्राम में टंकी निर्माण और पाइपलाइन विस्तार का कार्य, जो वर्षों से आपसी विवाद और असहमति के कारण रुका था, अब पुनः आरंभ हो चुका है।

इंजीनियर संदीप लॉरेंस ने ग्रामवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में पेयजल आपूर्ति से जुड़ा समस्त कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। सभी तकनीकी और निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध रूप से संपन्न किया जाएगा, ताकि प्रत्येक घर तक नल से जल की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों का सहयोग और विश्वास ही इस कार्य की सबसे बड़ी ताकत है और हम सभी मिलकर इस मिशन को सफल बनाएंगे। भूमि पूजन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, ग्रामीणों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रहे।



सरपंच खिलेश्वर प्रसाद घृतलहरें ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब हमें जल्द ही नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकेगा। यह मिशन ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जिला समन्वयक राजकुमार कोसले, तुलेश्वर प्रसाद साहू, गांव के सचिव राम खिलावन देवांगन, सरपंच खिलेश्वर प्रसाद घृतलहरें, रोजगार सहायक हितेश्वरी साहू, युधिष्ठिर साहू, घनाराम साहू, लीलक राम साहू, राजकुमार ध्रुव, पंचराम साइटोड, नेमीचंद, देवदास, लीला निषाद व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पंप चोरी

**महासमुंद।** खेत से सोलर पंप चोरी के मामले में सरायपाली थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी अब्दुल नसीम लखानी पिता हाजी अब्दुल अजीज लखानी की कृषि भूमि खसरा नंबर 568 रकबा 2.11 हे. ग्राम बरिहापाली में स्थित है। जिसमें क्रेडा विभाग द्वारा सौर सुजला योजना के तहत 3 एचपी सोलर क्रेडा स्थापित किया गया था।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार 27 जुलाई 2025 को किया जाएगा। यह परीक्षा जिला मुख्यालय के 25 परीक्षा केंद्रों में होगी। परीक्षा के सफल संचालन और सुचारु व्यवस्था के लिए व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### आदिवासियों का पुनर्वास क्यों नहीं करना चाहती है राज्य सरकार: राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि राज्य की साय सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में सरकार विफल साबित हुई है। और जैसा सरकार बोल रही है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त कर देंगें पर सरकार जवाब दे कि जो लोग सलवा जुडूम विस्थापित हुए थे वे लोग आज कहां हैं? पुनर्वास के तहत जो कैंप में गए थे उनकी वस्तु स्थिति क्या है? सरकार स्पष्ट करें! जो गांव वीरान पड़े हैं, वो लोग कहां गए और अगर उनका पुनर्वास नहीं हो पाया है तो सरकार ने क्या कदम उठाए? निश्चित ही सरकार की मंशा जंगल को किसी और के हाथ में देने की है।

## पेज 11 के शेष

### बिजली दरों में...

सुशील शर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, सुनील माहेश्वरी, कुबेर यद्ु, राजकुमार शर्मा, दिवाकर मिश्रा, अमर मंडावी, भरत वर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, वैभव केशरवानी, चंद्रशेखर चक्रधारी, अजय ठाकुर आदि ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों बिजली बिल की बढ़ोतरी का जमकर विरोध किया धरना प्रदर्शन के बाद बिजली दफ्तर का घेराव किया। इस दौरान ईश्वर सिंह ठाकुर, गौरी भृगु, आशा ध्रुव, अभिनव यद्ु, परमेश्वर वर्मा, मोहन केसरवानी, गेंदराम साहू, नरेंद्र यद्ु, नितिन शुक्ला, दीपक टिकरिहा, जीतू शर्मा, पुनीत मानिकपुरी, आबिद खान, धनंजय तिवारी, नानू सोनी, सीरीज जांगड़े, सुंदर साहू, दीपक वर्मा, मनहरण वर्मा, मुकेश साहू, नीलकंठ ध्रुव, चंद्रकांत साहू, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, आकिब मेमन, शादाब जलियांवाला, शशांक चौबे, विवेक यद्ु, अयूब बांठिया, शेषनारायण यद्ु, विमल शर्मा, विजय निषाद, दिनेश यद्ु, कीरत वर्मा, महेंद्र वैष्णव, महेंद्र साहू, रामरतन दांडेकर, राजेंद्र शर्मा, विजय महिलांगे, उदय साहू, धनंजय कुर्रे, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

### फर्जी सिम कार...

होना बताया गया है। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में धारा 420 भादवि, 66 सी, 66 डी आईटी एक्ट का पृथक-पृथक 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा पीओएस संचालक आरोपियों चोखेलाल कन्नौजे, मोहनलाल माहोरे एवं धनंजय यादव से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें यह पता चला कि आरोपियों द्वारा गांव-गांव में घूम कर सिम का विक्रय किया जाता था। आरोपियों द्वारा आवेदकों के नाम, आईडी का उपयोग कर एवं फोटो लगाकर सिम एक्टिवेट कर किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया जाता था। प्रकरण में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

### बाइक से शराब ...

गई, तो उनके पास से नीले बैग में छुपाकर रखे गए देशी मसाला शराब के पौवे बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हीरालाल महिलाग 20 वर्ष और भीष्म यादव 19 वर्ष दोनों निवासी ग्राम वटगन के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि ये शराब ग्रामीण इलाकों में बेचने के उद्देश्य से ले जाई जा रही थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर मोटरसाइकिल सहित शराब को जब्त कर लिया है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# खनिज माफिया के खिलाफ विधायक संदीप साहू आज विधानसभा में उठाएंगे प्रश्न

**खनिज विभाग, पुलिस विभाग और खनिज माफिया के बीच अवैध गठजोड़ की गहरी साजिश है**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कसडोल विधायक संदीप साहू आज विधानसभा सत्र के दौरान कसडोल विधानसभा क्षेत्र के गिधौरी थाना के ग्राम खपरीडीह के युवक परमेश्वर साहू के साथ हुए अमानवीय व्यवहार और खनिज माफिया के बढ़ते आतंक के मामले को विधानसभा में उठायेंगे। विधायक साहू ने कहा है कि इस घटना के पीछे खनिज विभाग, पुलिस विभाग और खनिज माफिया के बीच अवैध गठजोड़ की गहरी साजिश है, जिसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

गौरतलब है कि हाल ही में खपरीडीह गांव में खनिज माफिया द्वारा एक युवक को चौराहे पर रस्सियों से बांधकर बेरहमी से पीटा गया। इस अमानवीय घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं, जिसमें दर्जनों ग्रामीण मूकदर्शक बने नजर आए। पीड़ित परमेश्वर साहू ने आरोप लगाया था कि वह अवैध उत्खनन का विरोध कर रहा था, इसलिए खनिज माफिया ने उसे निशाना बनाया।विधायक संदीप साहू ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सुरक्षा, प्रशासनिक निष्क्रियता और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खनिज विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से खनिज माफिया बेखौफ होकर आम लोगों को डराने और धमकाने का काम कर रहे हैं।





**न्यायिक जांच कराई जाए**

घटना की न्यायिक जांच कराई जाए। दोषी खनिज माफियाओं और उनके संरक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। खनिज विभाग और पुलिस अधिकारियों की भूमिका की जांच हो। पीड़ित को सुरक्षा एवं मुआवजा प्रदान किया जाए। विधानसभा में इस मुद्दे को उठाकर विधायक संदीप साहू प्रदेश सरकार से यह मांग करने वाले हैं कि ऐसे संगठित अपराध पर लगाम लगाई जाए और आम जनता को भयमुक्त वातावरण प्रदान किया जाए।

### मंत्री टंकराम ने जिला प्रशासन को दिए निर्देश

# जिला ग्रामीण थाने के लिए प्रशासन बनायेगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में बढ़ते अपराध, औद्योगिक गतिविधियों का प्रसार और जनसंख्या में निरंतर वृद्धि के चलते बलौदा बाजार ग्रामीण थाना की स्थापना अब अनिवार्य हो गई है। बलौदाबाजार सिटी कोतवाली थाने पर बढ़ते दबाव को देखते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गंभीर चिंता जताते हुए जिला कलेक्टर को नए ग्रामीण थाना की स्थापना का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं।

बलौदाबाजार क्षेत्र में विगत वर्षों में आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। जिनमें से एक बड़ा हिस्सा थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण और औद्योगिक इलाकों से संबंधित था। बलौदाबाजार सिटी कोतवाली में अधिक एफआईआर दर्ज हुई, जो जिले में कानून व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण स्थिति को दर्शाती है।




**कानून व्यवस्था को मजबूती मिलेगी**

ग्रामीण थाना की स्थापना से न सिर्फ पुलिस की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि 30-40 प्रतिशत तक पुलिस प्रतिक्रिया समय में कमी आएगी, स्थानीय विवादों, सड़क दुर्घटनाओं और महिला संबंधित मामलों पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी। एफआईआर पंजीयन, न्यायिक प्रक्रिया और चार्जशीट की कार्यवाही में तेजी आएगी। ग्रामीणों को बार-बार जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। औद्योगिक क्षेत्र में भी कानून व्यवस्था को मजबूती मिलेगी ।

थाना सिटी कोतवाली के अंतर्गत 76 गांव एवं 1 लाख 50 हजार से ज्यादा की आबादी निवासरत हैं, जिला मुख्यालय के दक्षिण और पश्चिमी क्षेत्र स्थित गांव मुख्यालय से काफी दूर हैं, जिससे आपात स्थिति में पुलिस को घटनास्थल तक पहुंचने में देर होती है। रात्रिकालीन अपराधों या सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में भी पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया नहीं हो पाती, जिससे आम नागरिकों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है।

बलौदाबाजार जिले में स्थित अल्ट्राटेक, अंबुजा और न्यूवोको जैसी मल्टीनेशनल सीमेंट कंपनियों में प्रतिदिन सैकड़ों श्रमिक कार्यरत रहते हैं। इन औद्योगिक क्षेत्रों में 5000 से अधिक श्रमिकों की उपस्थिति और 1200 से अधिक ट्रकों की आवाजाही से कई बार आपराधिक स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जहां पुलिस की तत्काल उपस्थिति आवश्यक होती है।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार जिले के औद्योगिक और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीण थाना की स्थापना आवश्यक हो गई है। उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिया है कि इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए ताकि इसे शीघ्र स्वीकृति मिल सके।

# नर्सरी में रोपे गए 200 पौधे, जनपद और सरपंच संघ अध्यक्ष हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंद

ग्राम पंचायत केसली में पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दौलत रामपाल, जीवन साहू जनपद प्रतिनिधि, सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश चौरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केसली सरपंच बाबुल वर्मा, नवापारा सरपंच डोमार सिंह मार्कण्डेय, नवापारा उपसरपंच लोकनाथ वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष धन्ना निषाद, झालाराम वर्मा बुद्धेश्वर वर्मा, केसली के समस्त पंचगण, स्कूल स्टाफ, बच्चे एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और ग्रामवासियों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करना था।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि डॉ. दौलत रामपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि /"वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित जीवन की नींव रखते हैं।/" इस आयोजन में बच्चों की भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही, जिन्होंने पौधों की देखभाल का जिम्मा लेने का भी प्रण लिया। ग्राम केसली में इस प्रकार के आयोजन से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि सामूहिक चेतना भी विकसित होगी।

**22 को एक दिवसीय आंदोलन की चेतावनी: महासमुंद।** कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन पिथौरा ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम आवेदन सौंपते हुए 22 अगस्त को एक दिवसीय आंदोलन की चेतावनी दी है। फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर पिथौरा में भी फेडरेशन से जुड़े विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने अपनी मांगों के समर्थन मे नारेबाजी करते हुए एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह को बुधवार को ज्ञापन सौंपा।

# गौ सेवा की टीम कर रही घायल मवेशियों का उपचार और मृत का अंतिम संस्कार

**संडी-बंगला** । संडी बंगला के अंतस गौ-सेवा टीम के युवाओं द्वारा गौ-माताओं की सेवा के लिए की जा रही सराहनीय पहल की अब सभी ओर प्रशंसा होने लगी है। टीम द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल होने वाली गौ-माताओं का इलाज करवाया जाता है। इतना ही नहीं मृत होने पर टीम द्वारा इनका ससम्मान अंतिम संस्कार भी किया जाता है। युवाओं की टीम लोगों को गौ-सेवा के लिए प्रेरित भी कर रही हैं। इधर, युवाओं की इस पहल की लोग सराहना भी कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि, करीब एक सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए गौ-माताओं को टीम के युवाओं ने सेवा भाव का परिचय देते हुए सुरक्षित स्थान पर लाकर उपचार शुरू किया था। डॉ. भूपेंद्र विश्वकर्मा ने भी मानवता का परिचय देते हुए गौवंशों का उपचार किया था। हालांकि, अत्यधिक चोट के चलते गौ- माताओं का निधन हो गया था। जिसके बाद अंतस गौ सेवा टीम के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दिया था। इस दौरान संडी बंगला के युवकों ने भी इस पुण्य कार्य में सराहनीय सहयोग दिया था।



# समय पर खाद नहीं मिलने से परेशान किसान सोसायटी के चक्कर काटने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोपालपुर

प्राथमिक साख सहकारी समिति गोपालपुर में खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। मंगलवार सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान खाद के लिए सोसायटी के बाहर जमा हो गए, लेकिन पर्याप्त स्टॉक न होने के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। इससे किसानों में भारी आक्रोश देखा गया।



किसानों ने बताया कि खेतों में खाद का समय पर छिड़काव न हो पाने से फसल उत्पादन पर असर पड़ रहा है। कुछ किसान बाजार से महंगे दामों में खाद खरीदने को मजबूर हैं, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर किसान सोसायटी से खाद मिलने की उम्मीद में रोज चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर समय पर खाद नहीं मिला तो वे साहूकारों से कर्ज लेकर खाद खरीदने को विवश होंगे, क्योंकि फसल बचाना ही उनकी जीविका का एकमात्र साधन है। किसान भारत साहू गोपालपुर, सेवक बंजारे भिनोदा, मेखी राम सोनी मुच्छ मालदा, संतु निराला, शांता प्रसाद साहू खम्हरिया, अर्जुन लाल पटेल गगोरी, हेमराम लहरे धौराभाठा, रमण यादव भाठा खम्हरिया ने बताया कि वे कई दिनों से सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार यही सुनने को मिलता है कि खाद नहीं है। किसानों ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह केवल किसानों की आय दोगुनी करने के दावे करती है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। यदि खाद जैसी बुनियादी सुविधा समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई, तो सरकार का दावा खोखला साबित होगा। इस संबंध में प्रभारी व्यवस्थापक रमेश नवरत्न ने बताया कि खाद की आपूर्ति अनियमित है। जैसे-जैसे खाद आ रही है, वैसे ही उसका वितरण किया जा रहा है।

# नपं अध्यक्ष ने पीएम आवास के लिए भवन अनुज्ञा और स्वीकृति पत्र वितरण किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवास निर्माण के लिए योग्य हितग्राहियों को पलारी नगर पंचायत कार्यालय में भवन अनुज्ञा और स्वीकृति पत्र नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू द्वारा वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने हितग्राहियों को नए आवास के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा अभी वर्तमान में 29 पात्र हितग्राहियों का आवास स्वीकृत हुआ है।



भवन अनुज्ञा और स्वीकृति पत्र मिलने के बाद हितग्राही अपने आवास निर्माण कार्य शुरू कर सकते है। यह प्रक्रिया नगर पंचायत की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रयासों का हिस्सा है ताकि योजना का लाभ सही और जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके। सीएमओ मनोज बंजारा ने कहा इस योजना से उन परिवारों के अपने सपनों का घर बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया जिन्हें योजना के तहत सहायता प्रदान की जा रही है। उक्त अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सभापति लेखु वर्मा, कुमार धीवर, पार्षद नारायण धीवर, डोमार वर्मा, रवि ध्रुव, भूषण ठेठवार, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम धीरहे, पुनीत निषाद, पूर्व एल्डरमैन शेरखान लेखापाल, भोजराम साहू, महेंद्र वर्मा, हितग्राही प्रदीप यादव, सुनीता वर्मा, सहदेव यादव, लता यादव, महेश कुमार धीवर, लोकेश्वर यादव, मालती यादव, सुमन वर्मा, मनहरण लाल धीवर, सेवकराम वर्मा, भोजराम यादव, फाल्गुनी मिश्रा, बेना यादव आदि उपस्थित थे।

# 50,503 श्रमिकों का पंजीयन की वैधता समाप्त, नवीनीकरण कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निर्माण श्रमिक जैसे रेजा कुली, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, बढ़ई इत्यादि कुल 60 प्रकार के प्रवर्ग में पंजीयन किया जाना प्रावधानित है। पंजीयन की अवधि एक बार में 5 वर्ष हेतु वैध है, जिसके पश्चात नवीनीकरण कराया जाना है। वर्तमान में जिले में 50,503 श्रमिकों का पंजीयन की वैधता समाप्त हो चुकी है, जिसके द्वारा नवीनीकरण कराया जाना है। ऐसे श्रमिक विभाग में शीघ्र ही आवश्यक दस्तावेज सहित विभागीय पोर्टल के माध्यम से नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए जन्म से लेकर मृत्यु तक के लिए कुल 30 योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत शैक्षणिक सहायता हेतु 5 योजनाएं विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता योजना एवं निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। उक्त योजना के लिए अधिक से अधिक आवेदन प्रस्तुत कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध अधिक जानकारी हेतु कार्यालय श्रम पदाधिकारी, संयुक्त कार्यालय कलेक्टर परिसर बलौदाबाजार में संपर्क किया जा सकता है।

### कार्यशाला में अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता रहीं

# जिला अस्पताल में लगा विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तबलौदाबाजार

अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया।





सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत समस्त शासकीय अशासकीय एवं प्राइवेट संस्थानों के कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना है। संस्थानों द्वारा समिति का गठन तो कर कर दिया गया है, परंतु उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है कि समिति कार्य कैसे करेगी? समिति से कैसे शिकायत की जा सकती है? कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न अंतर्गत क्या-क्या आता है? कार्यशाला में ना केवल यह बताया गया, बल्कि लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में उनके क्या अधिकार है यह भी बताया गया कि यदि उनके द्वारा अधिकारों का दुरुपयोग किया गया तो, उनके विरूद्ध कार्रवाई हो सकती है, इसलिये कार्यशाला में महिला व पुरुष दोनों ही अधिकारी/कर्मचारियों की सहभागिता रखी गई है।

कार्यशाला में अधिकारों के उपयोग और उसके दुरूपयोग के परिणाम भी बताये गये। साथ में यह भी बताया गया, कि लैंगिक उत्पीड़न किया जाता है तो दण्ड विधि के अधीन कार्रवाई के साथ-साथ सिविल सेवा आचरण नियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव एवं जिला अस्पताल के मुख्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों ने कराया परीक्षण

**बलौदाबाजार।** सामाजिक संस्था बढ़ते कदम के संस्थापक स्व. अनिल गुरुबख्शानी की पुण्यतिथि एवं स्व महेश पंजवानी की स्मृति में बढ़ते कदम बलौदाबाजार इकाई द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इसमें लगभग 200 लोगों की निःशुल्क जांच की गई। रायपुर से आई 6 डॉक्टरों की टीम द्वारा बीपी, शुगर, ईसीजी, लिपिड प्रोफ़ाइल एवं बीएमडी जांच की गई और वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा सलाह दी गई। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने भी भाग लिया एवं गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। बढ़ते कदम बलौदाबाजार की ओर से अशोक कुमार पंजवानी, अशोक रोहरा, मनीष हरिरामानी, शंकर दुलानी, संजय रोहरा, विक्की देवनानी कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद की।

## खबर संक्षेप



### किसान और भाजपा सदस्यों ने की सांसद बृजमोहन से मुलाकात

**खरोरा**। खरोरा-धरसीवा क्षेत्र के भाजपा नेता वह मोदी विचार मंच के प्रदेश महासचिव डॉ. अब्दुल अमीन खान ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंट की। उन्होंने सांसद को क्षेत्रीय समस्या से अवगत कराया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न कार्यकर्ता, किसान महिला संगठन व किसान शामिल थे।

### कल गौरवपथ में मनाई जायेगी खूबचंद बघेल जयंती

**बलौदाबाजार**। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदा नगर इकाई के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्न दृष्टा डॉक्टर खूबचंद बघेल की 125वीं जयंती पर माल्यार्पण का कार्यक्रम 19 जुलाई को प्रातः 8 बजे से गौरव पथ बलौदाबाजार में आयोजित है। कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति के लिए अपील की गई।

### दयाराम बने शिक्षक संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष

**पलारी**। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई बलौदाबाजार की जिला कार्यकारिणी का विस्तार



किया गया। इसमें जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम ध्रुव को बनाया गया। छ.ग. सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष कोमल प्रसाद साहू, ब्लॉक अध्यक्ष मुरीत श्रीवास, गणेश राम साहू, संत कुमार साहू, लोचन प्रसाद बांधे, जिला उपाध्यक्ष पिंकी चन्द्राकर, जिला सचिव ललित देवांगन, कोषाध्यक्ष बुद्धदेव वर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार साहू, माहेश्वरी वर्मा, सुषमा वर्मा, रेखा लाल श्रीवास जिलाध्यक्ष, मोहन साहू, बृजभूषण दिवान, चुम्मन साहू, चुरामन सिन्हा खेमराज वर्मा, सरोज साहू आदि शिक्षकों ने बधाई दी।

### खेलते-खिलखिलाते नन्हे कदमों से संवर रहा भविष्य

**महासमुंद**। नन्हे कदमों से गूंजते आंगन, दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग्स, कविताएं गुनगुनाते बच्चे और खेल-खेल में सीखने की ललक कुछ ऐसी ही सजीव और संजीव छवि अब जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों की बन गई है। महासमुंद शहरी सेक्टर-1 स्थित संजय नगर-2, दलदली रोड और विश्वकर्मा वार्ड के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र इसकी सजीव मिसाल हैं, जहां आंगनबाड़ी अब केवल पोषण और देखभाल का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास की पाठशाला बन चुकी हैं। इन केंद्रों की सजावट किसी प्ले स्कूल से कम नहीं है। दीवारों पर उकेरी गई रंगीन चित्रकारी और शैक्षणिक चार्ट नन्हे मन को पढ़ाई की ओर आकर्षित कर रहे हैं। अक्षर ज्ञान, गिनती, कविताएं और व्यवहारिक ज्ञान बच्चों को सहज व रोचक तरीके से दिया जा रहा है।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी संघ ने निकाली रैली और सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के सचिव मनोज कुमार दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू करने का नोटिस दिया है। जिले में रैली निकालकर मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। गौरतलब है कि फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश के कर्मचारियों से किया मोदी की गारंटी का वादा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरा नहीं करने के कारण चरणबद्ध आंदोलन किया गया। वादा खिलाफी के विरुद्ध पुनः आंदोलन का शंखनाद कर दिया गया है। कलम रख, मशाल उठा आंदोलन की तैयारी को लेकर जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में समस्त कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारी मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

उन्होंने बताया कि यदि सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा नहीं करती है तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा। 11 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली गई रैली और ज्ञापन सौंपने के दौरान डॉ. एलएस ध्रुव, अविनाश तिवारी, मनोज कुमार दुबे, प्रकाश कुमार तिवारी, रमेश कुमार वर्मा, रेडी राम साहू, माखन चंद्राकर, विजय कुमार साहू, संतोष साहू, मालिक राम यादव, पीके हिरवानी आदि मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू करने का दिया नोटिस






### कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश की दी चेतावनी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम चरण में 16 जुलाई को बलौदाबाजार जिले के सभी ब्लॉक तथा जिला मुख्यालय में वादा निभाओ रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यदि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखायी तो 22 अगस्त को बलौदाबाजार के कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर राज्यव्यापी कलम बंद काम बंद हड़ताल करेंगे।

## कार्रवाई : 50 लीटर महुआ और 58 पौवा देसी मसाला शराब जब्त

# शराब पीने और पिलाने वाले 19 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया और 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया। अलग-अलग स्थानों से कुल 50 लीटर महुआ शराब और 58 पौवा देसी मसाला शराब जब्त की जब्त शराब की कीमत लगभग 14,060 रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने बताया कि 16 जुलाई को जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने थाना राजादेवरी, कसडोल, थाना भाटापारा ग्रामीण, भाटापारा शहर एवं सुहेला थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ शराब बनाने वाले, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले सार्वजनिक स्थानों में बैठकर शराब पीने वाले एवं अवैध चखना सेंटर का संचालन करने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापामार अभियान चलाया।



अभियान में पुलिस टीम ने दबिश देकर अवैध महुआ शराब बनाने, अवैध रूप से शराब बिक्री करने, सार्वजनिक स्थल में बैठकर शराब पीने एवं अवैध चखना सेंटर का संचालन करने वाले कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से अलग-अलग मामलों में 14,060 कीमत मूल्य का 50 लीटर महुआ शराब एवं 58 पाव देसी मसाला शराब जब्त किया है। इस प्रकरण में रवि शंकर पटेल 29 निवासी केके वार्ड भाटापारा, खिलावन ध्रुव 59 साल निवासी नेहरू वार्ड भाटापारा, राजू साहू 22 साल निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा, सुनील गेण्डरे 40 साल निवासी महासती वार्ड भाटापारा, प्रमोद धृतलहरे 55 साल निवासी महासती वार्ड भाटापारा, सुधतीन बघेल 50 साल निवासी महासती वार्ड भाटापारा, दीनानाथ ढीमर 50 साल निवासी नयापारा थाना भाटापारा शहर, नकछेद साहू 50 साल निवासी ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा ग्रामीण, श्रीनेश्वर मारकण्डेय 25 साल निवासी ग्राम रानीजरौद थाना सुहेला, गोविंद वर्मा 25 साल निवासी ग्राम हिरमी थाना सुहेला, प्रवीण साहू 36 साल निवासी ग्राम हिरमी थाना सुहेला, लखन साहू 38 साल निवासी ग्राम हिरमी थाना सुहेला, दिलीप साहू 40 साल निवासी ग्राम हिरमी थाना सुहेला, उमेश कुमार माझी 21 वर्ष निवासी ग्राम थरहीहीड थाना कसडोल, हरिशंकर साहू 50 वर्ष निवासी ग्राम मडकड़ा थाना कसडोल, चंदन जांगडे 23 वर्ष निवासी ग्राम सोनबरसा थाना भाटापारा ग्रामीण, रमेश्वर जांगड़े 21 वर्ष निवासी ग्राम सोनबरसा थाना भाटापारा ग्रामीण, अजय सहिस निवासी ग्राम चांदन थाना राजादेवरी और साधराम और निवासी ग्राम चांदन थाना राजादेवरी शामिल हैं।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई, 75 हजार की देशी मदिरा व एक कार जब्त



**बलौदाबाजार**। आबकारी आयुक्त श्याम धावडे एवं कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में प्राप्त सूचना के आधार पर एक कार में 135 लीटर मदिरा परिवहन करते हुये देशी मदिरा मसाला बाजार मूल्य 75,000 एवं 1 चार पहिया वाहन आई 20 को आबकारी विभाग की टीम ने जब्त किया। जानकारी के अनुसार चौरेंगा से दरचुरा मार्ग पर एक सफेद रंग की चार पहिया वाहन आई-20 की तलाशी ली गई। आरोपियों को थाना सिमगा अंतर्गत ग्राम चौरेंगा निवासी मोनू उर्फ गिरीत वर्मा पिता सुखनंदन एवं राकेश कुमार सेन पिता स्व. रघुनंदन सेन के द्वारा वाहन में 11 प्लास्टिक बोरियों में प्रत्येक में 50 पाव तथा एक नीले रंग की बैग में 200 पाव कुल 750 पाव नॉन ड्यूटी पेड देशी मदिरा मसाला कुल जुमला 135 लीटर मदिरा परिवहन करते हुए ग्राम चौरेंगा से दरचुरा मार्ग में गवाहों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 75 हजार एवं 1 चार पहिया वाहन आई 20 का बाजार मूल्य 5 लाख होना पाया। उक्त कार्यवाहियों में आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) एवं 36 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी एवं नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा मौजूद थे।

## शराब पीकर वाहन चलाते 7 चालक पकड़े गए, 80 हजार का जुर्माना लगाया गया



**बलौदाबाजार**। जिला पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुए 7 वाहन चालकों को से 80 हजार का अर्थदंड लगाया। इसमें 5 प्रकरण में 10-10 हजार और 2 प्रकरण में 15-15 हजार अर्थदंड लगाया गया। पुलिस ने सभी वाहन को न्यायालय पेश किया। यह चेकिंग अभियान में यातायात शाखा कसडोल, भाटापारा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग किया गया।

# कांवड़ियों की टोली जलाभिषेक के लिए गुवाहाटी रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सावन के पावन अवसर पर ग्राम इल्दा खरोरा से बोल बम कांवड़िया समिति के तत्वावधान में कांवड़ियों की एक टोली 17 जुलाई को असम के गुवाहाटी स्थित उमा महेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए रवाना हुई। यह यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, जिसमें इस बार भी दर्जनों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। टोली उमा महेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के पश्चात मां कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन करेगी। इसके बाद कांवड़िए असम के प्रमुख दर्शनीय स्थलों काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, मानस नेशनल पार्क, उमानंद मंदिर, पोबितोरा वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी, असम स्टेट कम बॉटेनिकल गार्डन, ककोचंग वाटरफॉल तथा असम के चाय बागानों का भी भ्रमण करेंगे। वापसी मार्ग में कोलकाता स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर के दर्शन भी टोली द्वारा किए जाएंगे। यात्रा का समापन 24 जुलाई को ग्राम इल्दा में होगा।

मुख्य कांवड़ियों में घनश्याम साहू, रामेश्वर धीवर, परमानंद साहू, हेमलाल साहू, समेलाल धीवर, राधे साहू, मनोज धीवर, सुखराम धीवर, अश्वनी धीवर, रूप सिंह यादव, सुरेंद्र साहू, बिहारी धीवर, दुकलहा, सुनेश्वर साहू, युगल साहू आदि श्रद्धालु शामिल हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

**सिमगा**। ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरिन भट्ठा में गुरूवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का उद्घाटन जनपद पंचायत सभापति चन्द्र प्रकाश टोंडे के मुख्य आतिथ्य में किया गया।



जनपद पंचायत सभापति चन्द्र प्रकाश टोंडे ने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 खुलने पर खुशी जाहिर करते हुए ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों सहित बच्चों को इससे काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रंजीत सोनवानी, टीकाराम महिलांग, गिरजा लाल टोंडे, दुखित बघेल, महिला बाल विकास अधिकारी नेहा सोनवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संध्या बघेल, सहायिका बंजारे, स्कूल के शिक्षक - शिक्षिकायें एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा



**भाटापारा**। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे बढ़ती बिजली की कीमतों के विरोध में डिवीजन कार्यालय के समक्ष आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने यहां पहुंची। इसके पश्चात वे शंकर वार्ड स्थित प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के निवास स्थान पहुंची, जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट की। उन्होंने इस दौरान चर्चा करते हुए कहा प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह फिसड्डी साबित हो रही है। वहीं जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि अब एक जुट होकर कांग्रेस और अधिक मजबूत करते हुए मुकाबला करना है। इस दौरान राजा तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, नानू सोनी, शादाब जालियावाला, अय्युब बांठिया, जिला पंचायत सदस्य अमर मण्डावी, नवीन बक्श, भरत वर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

# डीईओ ने शाश्वत स्कूल में किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार**। शाश्वत स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे तथा पटेल द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण मुख्यतः स्कूल में संचालित पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग कार्य की प्रगति को लेकर किया गया। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने स्कैनिंग कार्य की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और शेष पुस्तकों की स्कैनिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध स्कैनिंग अत्यंत आवश्यक है।निरीक्षण के उपरांत शाश्वत स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डीईओ का स्वागत किया।

■ पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग में तेजी लाने दिए निर्देश

# 50 हजार गुम रुपए को पुलिस ने खोज निकाला वृद्ध की मदद से प्रार्थी को लौटाए पूरे पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

करहीबाजार चौकी पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और सतर्कता का परिचय देते हुए 50 हजार गुम होने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रकम को खोज निकाला और आवेदक को लौटा दिया। इस कार्य के लिए आवेदक ने पुलिस की सराहना करते हुए कृतज्ञता प्रकट की।

घटना 16 जुलाई की है, जब ग्राम खोरसी निवासी शीतल कुमार वर्मा नक्शा आवंटन के कार्य से ग्राम लच्छनपुर गया था। कार्य के लिए उसने अपने पास 50 हजार रुपए रखे थे, जो उनकी जेब से गिर गए। रुपये गुमने का अहसास होने पर शीतल कुमार ने तुरंत चौकी करहीबाजार पुलिस को सूचित किया।

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र पाटील अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के क्षेत्र में सघन पूछताछ व खोजबीन शुरू की। इसी दौरान पुलिस टीम ने ग्राम खजुरी के पास एक वृद्ध व्यक्ति से पूछताछ की, जिसने बताया कि उसने रास्ते में 500-500 के नोटों का एक बंडल पड़ा हुआ पाया था। पुलिस द्वारा वृद्ध की सहायता से वह बंडल सुरक्षित रूप से शीतल कुमार वर्मा को सौंपा। पुलिस ने आवेदक को सलाह दी कि भविष्य में इतने बड़े धनराशि को लेकर सतर्कता बरतें। इस त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई के लिए शीतल कुमार वर्मा ने करहीबाजार पुलिस का आभार जताया और उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की।







